an>

Title: Need to develop a waterway in river Sarayu between Manjhi, Bihar and Ayodhya in Uttar Pradesh.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) ः बिहार में मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण जिला अंतर्गत मांझी सरयू नदी के किनारे स्थित है। मांझी पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। धार्मिक दृष्टि से भी इस स्थल की प्रसिद्धि है। विशेष बात यह है कि यह स्थल उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के बॉर्डर पर है। यहां से उत्तर प्रदेश एवं बिहार के लोगों के लिए रेल एवं सड़क यातायात की सुविधा वर्षों पूर्व से उपलब्ध है। माना जाए तो मांझी पूर्वी उत्तर प्रदेश को सीधे तौर पर बिहार से जोड़ता है। पर्यटन की दृष्टि से भी लोग मांझी से बिहार के अन्य पर्यटन क्षेत्रों एवं उत्तर प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थलों की ओर विशेष रूप से आना-जाना करते हैं।

अतः भारत सरकार से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के मांझी से उत्तर प्रदेश के अयोध्या तक सरयू नदी में एक जलीय मार्ग बनाया जाये। इस जलीय मार्ग को बनाने से सड़क एवं रेल यातायात के भार को भी कम किया जा सकता है। सबसे प्रमुख बात यह होगी कि देश की जलीय पर्यटन एवं धार्मिक स्थलीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकेगा। वैसे भी वर्तमान केन्द्र सरकार पर्यटन एवं जलीय यातायात को विकसित करने के प्रति गंभीर रूप से प्रयासरत है।

अतः पुनः मेरा सरकार से अनुरोध है कि हमारे संसदीय क्षेत्र के मांझी से उत्तर प्रदेश के अयोध्या तक सरयू नदी में एक वृहद जलीय मार्ग जलीय परिवहन को शुरू करने के लिए बनाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाये।